समाचार

# आई.बी.पी. चौक से चोरभट्ठी तक मिली स्ट्रीट लाईट की सुविधा

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने किया स्ट्रीट लाईट का लोकार्पण)




कोरबा 09 दिसम्बर 2017—नगर निगम कोरबा के वार्ड क्र. 46 के अंतर्गत आने वाले आई.बी.पी. चौक से चोरभट्ठी बस्ती तक स्ट्रीट लाईट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त स्ट्रीट लाईट व्यवस्था का लोकार्पण किया, उन्होने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण एवं स्वीच आन कर स्ट्रीट लाईट को जनसेवा में समर्पित किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 46 आई.बी.पी. चौक से चोरभट्ठी स्कूल तक 14 लाख 64 हजार रूपये की लागत से स्ट्रीट लाईट की स्थापना कराई गई है, इसके तहत 50 विद्युत खंभें लगाकर उन पर एल.ई.डी. लाईट स्थापित की गई है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान उक्त स्ट्रीट लाईट व्यवस्था को जनसेवा में समर्पित किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम की कमान संभालते ही यह संकल्प लिया था कि निगम क्षेत्र की सभी विद्युतविहीन बस्तियों, ग्रामों, मोहल्लों, पारों तथा मार्गो में बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी तथा इसके लिए निगम द्वारा सम्पूर्ण विद्युतीकरण का लक्ष्य बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होने कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आज निगम क्षेत्र की अधिकांश विद्युतविहीन बस्तियों व मार्गो में बिजली की सुविधा मुहैया करा दी गई है, जो थोड़े बहुत बस्तियां या मार्ग बचे हुए हैं, उन पर भी शीघ्र ही बिजली की सुविधा उपलब्ध होगी तथा महापौर का संकल्प पूर्ण होगा, इसके लिए मैं महापौर एवं उनकी टीम को बधाई देता हूं। उन्होने आगे कहा कि जहां तक नगर निगम कोरबा के क्षेत्र के विकास का प्रश्न है तो यह प्रत्यक्ष दिख रहा है कि महापौर के मार्गदर्शन में वार्डो एवं बस्तियों में व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराएं गए हैं, विकास कार्यो में

जनता जनार्दन की इच्छा को प्राथमिकता दी गई है तथा निगम क्षेत्र में तेजी के साथ समस्याएं दूर हुई हैं, लोगों को सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 46 के नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि आप सबकी इच्छा के अनुरूप आज इस मार्ग पर निगम द्वारा स्ट्रीट लाईट की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है तथा आगे जो भी और आवश्यकताएं होंगी, उन्हें अवश्य पूरा किया जाएगा।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, एम.आई.सी. सदस्य इस्माईल कुरैशी, विनीत एक्का, सुनील पटेल, कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद अंतराम प्रजापति, मस्तुल सिंह कंवर, श्यामा दास महंत, अघन बाई कंवर, उर्मिला ठाकुर, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, कुसुम द्विवेदी, रेखा त्रिपाठी, रामायण दास महंत, किताब सिंह कंवर, आशीष अग्रवाल, लक्ष्मी चौहान, संजय अग्रवाल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।